समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# इंग्लैडं ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए टीम का किया ऐलान, शोएब बशीर की जगह लियाम डॉसन को मौका।

Publisher
Published on 15 Jul 2025




**23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड मे खेला जाएगा चौथा टेस्ट, इंग्लैडं ने पांच पेसर और एक स्पिनर के साथ उतारी 14 सदस्यीय टीम।**

**लंदन/नई दिल्ली :** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले के लिए **इंग्लैडं एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड** (**ECB**) ने **14 सदस्यीय टीम** की घोषणा कर दी है। **मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड** में 23 जुलाई से शुरू हो रहे इस टेस्ट में **शोएब बशीर** की जगह **लेफ्ट आर्म स्पिनर** लियाम डॉसन को मौका मिला है।

बशीर बाएं हाथ की उंगली में फ्रैक्चर के चलते शेष सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह 35 वर्षीय अनुभवी गेंदबाज **लियाम डॉसन** को शामिल किया गया है, जिन्होंने **जुलाई 2017** में **दक्षिण अफ्रीका** के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट खेला था।

### डॉसन की वापसी पर क्या बोले चयनकर्ता ?

इंग्लैंड टीम के **राष्ट्रीय चयनकर्ता** ल्यूक राइट ने कहा, "लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के पूर्ण रूप से हकदार हैं। काउंटी चैंपियनशिप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है और लगातार हैम्पशायर के लिए मैच जिताऊ प्रदर्शन कर रहे हैं।"

### इंग्लैड की टीम मे क्या है खास ?

चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने पांच तेज गेंदबाज और एकमात्र स्पिनर के रूप में **डॉसन** को शामिल किया है। वहीं, तेज गेंदबाज **जैमी ओवरटन** और **सैम कुक** को टीम से बाहर कर दिया गया है।

### इंग्लैडं की चौथे टेस्ट के लिए टीम :

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन

डकेट, ओली पोप, जो रूट, जैमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स

**सीरीज का अब तक का हाल :**
**पहला टेस्ट (हेडिंग्ले)** – इंग्लैंड ने 5 विकेट से जीता
**दूसरा टेस्ट (बर्मिंघम)** – भारत ने 336 रन से जीता
**तीसरा टेस्ट (लॉर्ड्स)** – इंग्लैंड ने 22 रन से जीत दर्ज की

इस समय **इंग्लैडं 2-1 से आगे** है। भारत को सीरीज जीतने के लिए बाकी बचे दोनों टेस्ट हर हाल में जीतने होंगे, जबकि इंग्लैंड को खिताब पर कब्जा जमाने के लिए केवल एक और जीत की दरकार है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.